## सार-समाचार

### मॉडल स्कूल के छात्र बना रहे विशेष ड्रोन

**पिंडवाड़ा**, (निसं)। डसाल्ट सिस्टम फाउंडेशन की ओर से अटल इनोवेशन मिशन, भारत सरकार, के तहत राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देश भर से पचास स्कूलें भाग ले रही है। स्थानीय स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल झाडोली के विद्यार्थी भी अपनी अभिनव पहल पर अपनी योग्यता का प्रदर्शन कर रहे है। स्कूल के प्रोजेक्ट प्रभारी व एटीएल इंचार्ज शिवांश दीक्षित और चेतन कुमार ने सीड द फ्यूचर एंटरप्रेनर प्रोग्राम के तहत विद्यार्थी बायोमिमिक्री थीम पर सोनिक ड्रोन का प्रोटोटाइप तैयार कर प्रतियोगिता में राज्य एवं जिले का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। स्कूल के होनहार छात्र भूमिराज सिंह, दिलीप सिंह, भाविन प्रजापत, उदित प्रजापत, हिमांशु कुमार और यश टाक ने एक टीम के रूप में लगातार आठ महीने तक अपने प्रोटोटाइप पर कार्य किया। इसे तैयार करने में 3डी प्रिंटर टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करते हुए छात्र प्रथम दस में स्थान बनाने को लेकर आश्वस्त हैं। चयनित होने पर पर छात्रों को इस प्रोटोटाइप पर आगे कार्य कर व्यवसायिक उद्देश्यों के लिए उसका पेटेंट हासिल करने का स्वर्णिम अवसर मिलेगा तथा कई व्यवसायिक कंपनिया छात्रों को इस पर आगे रिसर्च करने और उनके बनाए प्रोडक्ट को व्यवसायिक बाजार में उतारने में उनकी सहायता करेगी। प्रधानाचार्य श्यामसुंदर व्यास के अनुसार इस पूरे प्रोजेक्ट में यह ड्रोन मल्टी पर्पज कार्य करने में उपयोगी भूमिका निभाएगा और विद्यालय परिवार छात्रों की रचनात्मक सफलता को लेकर जोश है।

### दुष्कर्म के आरोपी को दस साल की सजा

**जालोर**, (कासं)। लैगिंक अपराधो से बालकों का संरक्षण मामलात न्यायालय के विशिष्ट न्यायाधीश हुकमसिंह राजपुरोहित ने मंगलवार को नाबालिग लड़की से दुष्कर्म करने के आरोपी को दस साल के कारावास की सजा सुनाई। विशिष्ट लोक अभियोजक सैयद मुमताज अली के अनुसार पीड़िता के पिता ने 25 फरवरी 2020 को पुलिस थाना आहोर में रिपोर्ट पेश कर बताया कि उसकी नाबालिग पुत्री 22 फरवरी 2020 को सुबह करीब 11 बजे घर से बाहर निकली जो काफी देर तक घर नही आई। जिस पर उन्होने उसकी पुछताछ एवं तलाष शुरू की। इस दौरान चतराराम ने उसके मोबाईल नम्बर से उसके परिवार के मोबाईल नम्बर पर फोन किया व कहा कि मै तुम्हारी पुत्री को ले जा रहा हूॅ। तथा उसके साथ शादी करूंगा। चतराराम उसकी नाबालिग पुत्री को शादी की नियत से बहला फुसलाकर भगा ले गया। उक्त रिपोर्ट पर पुलिस ने नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर भगाने व पोक्सो अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आरोपी चतराराम पुत्र साकलाराम देवासी निवासी तखतगढ़ जिला पाली को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया। पुलिस ने बाद अनुसंधान आरोप पत्र न्यायालय में पेश किया। न्यायालय में अभियोजन पक्ष की ओर से अठारह गवाह के बयान कलमबद्व किये गये। पोक्सो न्यायालय के विशिष्ट न्यायाधीश हुकमसिंह राजपुरोहित ने दोनो पक्षो की बहस सुनने व पत्रावली का अवलोकन करने के बाद आरोपी चतराराम देवासी को नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म का दोशी मनाते हुए दस वर्ष के कारावास की सजा सुनाई। सरकार की ओर से पैरवी विशिष्ट लोक अभियोजक मुमताज अली सैयद ने की।

### शक्ति दिवस मनाया

**जालोर**, (कासं)। जिले में माह के हर मंगलवार को अनीमिया मुक्त राजस्थान अभियान के अंतर्गत चिकित्सा संस्थानों-आंगनवाड़ी केंद्रों पर शक्ति दिवस मनाया गर्भवती, धात्री महिलाओं, बच्चों व किशोर किशोरियों को अनीमिया की आईएफए की गोलियां एवं सिरप पिलाई गई। उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ बी. आर. विश्नोई ने बताया कि मंगलवार को जिले में शक्ति दिवस का आयोजन किया गया जिसमें स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा अनीमिया से होने वाले शारीरिक व मानसिक नुकसान की जानकारी दी गई और शरीर में खून की कमी नहीं हो, इसके लिए पौष्टिक व आयरन युक्त आहार के बारे में जागरूक किया गया साथ ही उनको आयरन की गोलियां तथा बच्चों को सिरप पिलाई गई। उन्होंने बताया कि चिकित्सा संस्थानों पर आए बच्चों, किशोर किशोरियों महिलाओं, गर्भवती व धात्री महिलाओं की हिमोग्लोबिन की जांच कर आईएफए टेबलेट्स का वितरण किया गया। इसके अलावा आंगनबाड़ी केंद्रों पर आशा सहयोगिनियों द्वारा लक्षण के आधार पर स्क्रीनिंग कर आयरन की सिरप व गोलियां वितरित की गई। जिले में मंगलवार को चिकित्सा संस्थान व आंगनबाडी केंद्रों पर किशोरियों, महिलाओं व बच्चों को शरीर में माइक्रोन्यूट्रिएंट्स लौह तत्व के महत्त्व के बारे में जानकारी दी गई।

### जिला स्वास्थ्य समिति बैठक हुई

**जालोर**, (कासं)। जालोर जिला कलैक्टर निशान्त जैन ने मिशन सुरक्षा चक्र के तहत जिले में स्क्रीनिंग एवं सर्वे कर लक्षणों के आधार पर आयु वर्गवार एनीमिया की रोकथाम के लिए टेबलेट एवं सिरप के वितरण कर महिलाओं के स्वास्थ्य सुरक्षा के क्षेत्र में पूर्ण मनायोग से कार्य करने के निर्देश दिए। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला कलैक्टर ने जालोर के कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला स्वासथ्य समिति की बैठक में ब्लॉकवार आरटीपीसीआर टेस्ट रिपोर्ट एवं जिले में कोविड वैक्सीनेशन को लेकर प्रगति जांची। उन्होंने 12-14 वर्ष, 15-17 एवं 18 से अधिक आयु वर्ग में प्रथम एवं द्वितीय डोज से वंचित रहे लोगों का टीकाकरण करने के साथ ही फ्रंटलाइन वर्कर्स को प्रीकॉशन डोज में गति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने मौसमी बीमारियों को देखते हुए जिले में मलेरिया व डेंगू की रोकथाम के लिए एन्टी लार्वा एक्टीविटी व फोगिंग करवाने की बात कही। बैठक में जिला कलक्टर ने मुख्यमंत्री निःशुल्क दवा व जांच योजना, ओपीडी, आईपीडी के संबंध में नियमित रूप से ई-औषधि सॉफ्टवेयर पर डाटा एन्ट्री, एम एण्ड डी वाई रिपोर्ट एवं स्वास्थ्य केन्द्रों पर दवाईयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में संस्थागत प्रसव, एएनसी रजिस्ट्रेशन रिपोर्ट, जननी सुरक्षा योजना के तहत दिए जा रहे लाभ, नवजातों के टीकाकरण, मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना, राजश्री योजना सहित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों में जिले की प्रगति जांच कर जिले के बीसीएमओ को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में सीएमएचओ डॉ. जी.एस.देवल, डीपीएम चरण सिंह, पीएमओ डॉ.एस.पी.शर्मा, महिला एवं बाल विकास विभाग के उप निदेशक अशोक विश्नोई सहित जिले के बीसीएमओ उपस्थित रहे।

# महिलाओं का राजस्थानी साहित्य में योगदान अद्वितीय : श्रीवास्तव



जोधपुर में निर्मला राठौड़ रचित राजस्थानी काव्य कृति दीठ-दरसाव का लोकार्पण समारोह हुआ।

**जोधपुर**, (कासं)। राजस्थानी भाषा का विशाल साहित्य भंडार दुनिया में अपनी विशिष्ट पहचान रखता है । हालांकि राजस्थानी में पुरुषों की तुलना में महिलाओं ने कम साहित्य सृजन किया है मगर जो सृजन किया है वो किसी भी दृष्टि से पुरुषों से कम नहीं है। यह विचार जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर (डॉ.) के.एल श्रीवास्तव ने अपने मुख्य आतिथ्य उदबोधन में संवळी साहित्य संस्थान की ओर से निर्मला राठौड़ रचित राजस्थानी काव्य कृति दीठ-दरसाव के लोकार्पण समारोह में व्यक्त किए।

उन्होंने कहा कि राजस्थानी साहित्य में महिलाओ का सृजन अपने आप में अद्वितीय है। इस अवसर पर उन्होंने राजस्थानी भाषा को संवैधानिक मान्यता की हकदार बताते हुए कहा कि सतत सकारात्मक प्रयास होने के बाद भी राजस्थानी को संवैधानिक मान्यता नहीं मिलना दुर्भाग्यपूर्ण है।

लोकार्पण समारोह में ख्यातनाम कवि-आलोचक डॉ.आईदानसिंह भाटी ने राजस्थानी काव्य परंपरा की विवेचना की। विशिष्ट अतिथि जेएनवीयू कलां संकाय अधिष्ठाता प्रोफेसर (डॉ.) के.एल रेगर ने कहा कि यह काव्यकृति मानवीय संवेदनाओं से परिपूर्ण एक महत्वपूर्ण सृजन है। बाबा रामदेव शोधपीठ के निदेशक डॉ. गजेसिंह राजपुरोहित ने कहा कि नारी सृजन का पर्याय होती है । अपने जीवन-अनुभव के आधार पर जब कोई नारी साहित्य सज़ृन करती है तो वो अपने आप में अद्भुत रचना सिद्ध होती है । युवा रचनाकार डॉ. इन्द्रदान चारण ने पुस्तक पर पत्र वाचन करते हुए आधुनिक राजस्थानी काव्य की महत्वपूर्ण तथा सराहनीय काव्य कृति बताया। लोकार्पण समारोह में जेएनवीयू के कुलपति प्रोफेसर के.एल श्रीवास्तव का राजस्थानी शोध-छात्रों द्वारा अभिनंदन किया गया।

संस्थान के सदस्य भंवरलाल सुथार ने स्वागत उदबोधन दिया। मंच संचालन युवा कवि महेन्द्रसिंह छायण ने किया। नुपुर राठौड़ ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर ख्यातनाम रचनाकार डॉ. पद्मजा शर्मा, डॉ. चांदकौर जोशी, श्याम गुप्ता शांत, अशफाक अहमद, सत्यदेव संवितेन्द्र, डॉ. प्रकाश अमरावत, बसंती पंवार, मोहनसिंह रतनू , डॉ.मीनाक्षी बोराणा, प्रमिला चारण, डॉ. सुखदेव राव, डॉ. जितेन्द्र सिंह साठिका, डॉ. अमित गहलोत, डॉ. मांगीलाल गेवा, डॉ. रणजीतसिंह चौहान, डॉ. लक्ष्मणसिंह राठौड़, वाजिद हसन काजी, संतोष शेखावत, मंजू जांगिड़, अरूणा शर्मा, किरण राजपुरोहित, खेमकरण लालस, दीपाराम सुथार, जगदीश मेघवाल, मगराज सहित अनेक रचनाकार, मातृभाषा प्रेमी तथा राजस्थानी शोध छात्र मौजूद रहे।

# भाजपा जनता को गुमराह कर रही है : पाराशर

**जालोर**, (कासं)। जन अभियोग निराकरण समिति के अध्यक्ष पुखराज पाराशर, पूर्व विधायक रामलाल मेघवाल, आहोर क्षैत्र के कांग्रेस प्रत्याशी सवाराम पटेल ने एक प्रैसनोट जारी कर कहा कि भाजपा नेताओं द्वारा विकास कार्यो के प्रति थौथी एवं झूठी बयानबाजी कर पदयात्राएं, धरना-प्रदर्शन कर जनता को गुमराह कर रहे हैं।

इन नेताओं ने कहा कि सड़कों व पानी के नाम पर यह भाजपा नेता बैनकाब हो चुके है। अब यही झूठ जालोर शहर की रेल्वे क्रोसिंग पर बनने जा रहे रेल्वे ओवरब्रिज के शिलान्यास पर देखने को मिल रहा हैं।

जालोर की जनता जानती हैं कि रेल्वे ओवर ब्रीज बनाने पर भाजपा इतनी ही गंभीर होती, तो यह कार्य उनकी 2013 से 2018 की सरकार के कार्यकाल में किया जा सकता था। मगर यह नेता चुप रहे। लोग जानते हैं कि राजस्थान में 2018 में कांग्रेस की सरकार आने के बाद जिले के सभी नेताओं ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से मांग की थी, कि जालोर शहर में रेलवे क्रोसिंग पर ओवर ब्रिज नहीं होने से लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही हैं, तब जाकर मुख्यमंत्री ने राजस्थान की विधानसभा में प्रस्तुत 29 जुलाई 2019 मोडीफाइड बजट में जालोर नवीन आरओबी बनाने की घोषणा की। उसके पश्चात इनके प्रस्ताव व डीपीआर तैयार की गई।

चूंकि यह मार्ग राष्ट्रीय राज मार्ग संख्या 325 का भाग होने की वजह से राज्य सरकार द्वारा इसे वार्षिक योजना 2020-21 में सम्मिलित कर प्रस्ताव को अनुमोदन हेतु मोर्थ नई दिल्ली को भिजवाया गया। उन्होंने कहा कि अगर भाजपा इतनी ही गंभीर होती, ओर सांसद इतने ही चितिंत होते तो वे इसे भाजपा सरकार के वक्त में भी भिजवा कर स्वीकृत करा सकते थे।

राज्य सरकार द्वारा रानीवाडा में भी आरओबी हेतु डीपीआर तैयार करने हेतु निर्देष दिये हैं । मगर भाजपा नेताओं की कथनी एवं करनी में फर्क हैं । सांसद देवजी पटेल के अपने 13 वर्ष के कार्यकाल में एक भी उपलब्धि नहीं हैं जिसे वे गिना सकते हैं यहां तक जिले की जनता द्वारा लगातार यह मांग की जा रही हैं कि जालोर से जयपुर, दिल्ली व दक्षिण भारत की तरफ जाने के लिए रेल सेवाओं का विस्तार हो, रोहट से सांचौर वाया जालोर-भीनमाल सड़क को राष्ट्रीय राज मार्ग बनाया जाये। मगर भाजपा नेता सिर्फ जो काम राज्य सरकार द्वारा कराया जा रहा हैं उसके लिए धरना प्रदर्शन कर जनता का ध्यान भटकाने का प्रयास करने का कृत्य कर रहे हैं।


**Office Of Gram Panchayat CHATAGARH, Block-SAM Hq JAISALMER**

S.No.-GraPa/Tender/2022-23/38 Dated:- 27.06.2022

**E- Tender Notice No. - 01/2022-23**

Under Mahatma Gandhi NREGA Scheme in the finacial year 2022-23 in Gram Panchayat CHATAGARH, E-tender are invited till dated 06.07.2022 till 6.00 PM, from the willing manufacturers and suppliers, for the supply of construction materials for the construction works to be carried out. Further details regarding the tender can be checked on the web portal http://www.sppp.rajasthan.gov.in and http://www.eproc.rajasthan.gov.in

NIB Code : PFJ2223A0017
UBN Code : PFJ2223GLRC00020

VDO/Sarpanch
Gram Panchayat CHATAGARH
Block - SAM HQ JAISALMER


# तेजमल पांडिया का स्वागत


पाली में अखिल भारतीय सिखवाल ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के प्रत्याशी तेजमल पांडिया का स्वागत किया गया। फोटो-राष्ट्रदूत

**पाली**, (नि.सं.)। सिखवाल ब्राह्मण सेवा समिति एवं सिखवाल ब्राह्मण समाज के संयुक्त तत्वावधान में अखिल भारतीय सिखवाल ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रत्याशी तेजमल पांडिया का ढोल थाली बजाकर भव्य स्वागत किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सिखवाल ब्राह्मण सेवा समिति अध्यक्ष नरेश पाण्डे ने बताया कि अखिल भारतीय सिखवाल ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रिय अध्यक्ष प्रत्याशी तेजमल पांडिया, महासभा के पूर्व महामंत्री शिवराज शर्मा बी. डी. ओ. मोटरास, महासभा के पूर्व उपाध्यक्ष जगदीश मानम्या के पाली आगमन पर सिखवाल ब्राह्मण समाज भवन तिलक नगर पाली में सिखवाल ब्राह्मण सेवा समिति पाली की ओर से भव्य स्वागत समारोह आयोजित किया

पाली सिखवाल ब्राह्मण समाज के संरक्षक घीसुलाल व्यास, पूर्व अध्यक्ष सोहनलाल उपाध्याय, अध्यक्ष परमेश्वरलाल व्यास,छोटमल तिवारी, बस्तीराम पाण्डिया, पुखराज पाण्डिया वरंगल, हीरा लाल व्यास, भंवरलाल ओझा, डुगरमल नागला, राजुशर्मा, चम्पालाल फालकी, गोपिकीशन उपाध्याय, मोतीलाल पाण्डे, ईश्वर हलवाई, नारायण लाल तिवारी जांडन, भागीरथ व्यास, सत्यनारायण उपाध्याय,अशोक पाण्डे, मोतीलाल नागला, कैलाश व्यास,डुगरमल उपाध्याय, दिनेश नागला सहित सिखवाल ब्राह्मण समाज के सभी समाज बन्धुओं ने अतिथियों का साफा व माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। समारोह का संचालन हीरालाल व्यास ने किया।

## डॉ. प्रतिभा सिंह ने बैठक ली

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। डॉ. कलैक्टर डॉ. प्रतिभा सिंह ने सोमवार को जिला कलैक्ट्री सभाकक्ष में आयोजित विभागीय गतिविधियों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक के दौरान सम्पर्क पोर्टल की प्रगति की समीक्षा करते हुए सभी अधिकारियों को हिदायत दी कि वे गम्भीर हो जाए एवं पोर्टल में दर्ज प्रकरणों को गुणवता के साथ समय सीमा में निस्तारित कर परिवादी को राहत दे। उन्होंने उपखण्ड व जिला स्तर पर हुई जनसुनवाई के दौरान जो भी परिवेदनाएं पोर्टल में दर्ज कर विभागो को प्रेषित कर दी गई है, उसमें तत्परता से कार्यवाही कर परिवादी को राहत दे।

उन्होंने मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना में जिले में वंचित रहे लोगों का योजना में पंजीयन करने के सम्बन्ध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश दिए कि वे विभागीय अधिकारियों से समन्वय रखते हुए वंचित लोगों का अधिक से अधिक पंजीयन कराना सुनिश्चित कराए। उन्होंने विभागीय अधिकारी लक्ष्य के प्रति अब प्रगति लाएं। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर दाताराम, युआईटी सचिव सुनिता चौधरी, सहायक निदेशक, लोक सेवाएं सांवरमल रेगर आदि मौजूद थे।


**कार्यालय तहसीलदार (भू-अ.) आहोर जिला जालोर**

क्रमांक/भू-अ./2022/2112 दिनांक 03.06.2022

**सार्वजनिक आम सूचना**

हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी खीमसिंह पुत्र वेरीसालसिंह कौम राजपुत साकिन काम्बा तहसील आहोर जिला जालोर ने दिनांक 31.05.2022 को प्रार्थना-पत्र पेश कर निवेदन किया है कि खातेदार सांवलिया पुत्र केसरा कौम चौधरी साकिन खारा तहसील आहोर जिला जालोर द्वारा एक वसीयत मौजा खारा में स्थित भूमि की दिनांक 01.10.1984 को की गई थी। उक्त वसीयत के अनुसार नामान्तरकरण भरने का निवेदन किया है। श्री सांवलिया पुत्र केसरा की मृत्यु दिनांक 31.08.1985 को हो चुकी है। कृषि भूमि का विवरण निम्न प्रकार है:-

| क्र.सं. | नाम ग्राम | खसरा नम्बर | रकबा | वसीयकर्ता का नाम | वि.वि. |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | खारा | 51 | 0.70 | सांवलीया पुत्र केसरा कौम चौधरी | |

उक्त वसीयतनामा बाबत किसी भी व्यक्ति को कोई उजर एतराज हो तो आम व खास को सूचित किया जाता है कि असालतन वकालतन अखबार में प्रकाशन की तारीख से 15 दिवस के अन्दर प्रस्तुत करे। बाद गुजरे म्याद एक तरफा कार्यवाही की जायेगी। सूचित रहे।

तहसीलदार ( भू.अ. ) आहोर
जिला जालोर


# क्षेत्रीय कैंसर संस्थान का शिलान्यास किया

**जोधपुर**, (कासं)।मुख्यमंत्री अशोक गहलोत मंगलवार शाम जोधपुर पहुंचे।एयरपोर्ट पर स्वागत में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा व जिला प्रभारी मंत्री डॉ सुभाष गर्ग भी थे साथ ।

एयरपोर्ट पर राज्य पशु कल्याण बोर्ड के चेयरमैन राजेंद्र सिंह सोलंकी ,महापौर श्रीमती कुंती देवड़ा , जोधपुर शहर श्रीमती मनीषा पंवार ,विधायक शेरगढ़ श्रीमती मीना कंवर, विधायक लोहावट श्री किशना राम विश्नोई, विधायक लूणी महेंद्र विश्नोई ,पूर्व महापौर रामेश्वर दाधीच , पूर्व सांसद बद्रीराम जाखड़ प्रो अयूब खान ,जसवंत सिंह कच्छावा सहित अनेक जनप्रतिनिधियों व नागरिकों ने मुख्यमंत्री का अपणायत के साथ स्वागत किया।

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मीडिया से बातचीत करते हुए उदयपुर में हुए हादसे को लेकर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि,उदयपुर में युवक की जघन्य हत्या की भर्त्सना करता हूं। इस घटना में शामिल सभी अपराधियों कठोर कार्रवाई की जाएगी एवं पुलिस अपराध की पूरी तह तक जाएगी। मैं सभी पक्षों से शान्ति बनाए रखने की अपील करता हूं। ऐसे जघन्य अपराध में लिप्त हर व्यक्ति को कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जाएगी।मैं सभी से अपील करता हूं कि इस घटना का वीडियो शेयर कर माहौल खराब करने का प्रयास ना करें। वीडियो शेयर करने से अपराधी का समाज में घृणा फैलाने का उद्देश्य सफल होगा।

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जोधपुर संभाग के सबसे बड़े क्षेत्रीय कैंसर संस्थान का शिलान्यास का किया। जिला कलेक्टर हिमांशु गुप्ता ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को क्षेत्रीय कैंसर संस्थान के मानचित्र के द्वारा संस्थान के प्रारूप का विवरण दिया। समारोह में चिकित्सा एवं शिक्षा स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा , जिला प्रभारी मंत्री डॉ सुभाष गर्ग, सार्वजनिक निर्माण मंत्री भरोसी लाल जाटव आदि साथ रहे।


**कार्यालय ग्राम पंचायत देसु पंचायत समिति, जालोर**

क्रमांक: ग्राप/मनरेगा/2022-23/07 दिनांक: 28.06.2022

**ई-निविदा सूचना संख्या- 01/2022-23**

पंचायत समिति जालोर के अधीनस्थ ग्राम पंचायत देसु के लिए वित्तीय वर्ष 2022-23 की शेष अवधि के दौरान महात्मा गॉधी नरेगा योजना एवं ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की अन्य योजनाओं में कराये जाने वाले कार्यो के लिए निर्माण साम्रगी एवं उपकरण की आपूर्ति हेतु राजस्थान लोक उपापन पारदर्शिता अधिनियम 2012 एवं राजस्थान लोक उपापन पारदर्शिता नियम 2013(आदिनांक संशोधित) के अनुसार राजस्थान पंचायत राज नियम 1996 के तहत वस्तु एवं सेवाकर (GST) अधिनियम 2017 के अर्न्तगत सक्षम प्राधिकारी द्वारा पंजिकृत अनुभवी एवं इच्छुक विनिर्माता(ओं)/ विक्रेता(ओं) /फर्मो/ संवेदकों/ आपूर्तिकर्ता(ओं) से, जो किसी भी राजकीय संस्थान/उपक्रमों से बोली लगाने से विवर्जित/ब्लैक लिस्टेड नही हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्युरमेन्ट प्रक्रिया से निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। ई- निविदा संबंधी समस्त विस्तृत विवरण कार्यालय नोटिस बोर्ड तथा www.eproc.rajasthan.gov.in एवं www.sppp.rajasthan.gov.in पर अवलोकन की जाकर डाउनलोड कर www.eproc.rajasthan.gov.in पर ई-निविदा आनलाईन अपलोड की जा सकती है।

UBN No.- ZJR2223GLOB00313
NIB No.- ZJR2223A0153

सरपंच
ग्राम पंचायत देसु
पंचायत समिति जालोर

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत देसु
पंचायत समिति जालोर


### ट्रैक्टर-ट्रोली से गिरी महिला की मौत

**रेवदर**, (निसं)। रेवदर कस्बे के समीप वडवज हिम्मतपुरा मार्ग पर अचानक ट्रैक्टर-ट्रोली में सवार होकर दिहाड़ी मजदूरी करने जा रहे परिजनों के साथ में एक युवती के नीचे गिरने से घायल होकर मौत होने का मामला सामने आया है।

घटना की जानकारी मिलते ही दांतराई चौकी प्रभारी केवलचन्द मय जाब्ते के साथ में जसवंतपुरा अस्पताल पहुँचे जहाँ पर परिजनों द्वारा रिपोर्ट देने के बाद में शव का पोस्ट मार्टम करके शव को परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया।

पुलिस के अनुसार रमेश भील निवासी डोरडा ने रिपोर्ट देकर बताया की वो अपने परिजनों के साथ में पन्नेसिंह के कृषि कुए पर दिहाड़ी मजदूरी करने के लिए टैक्टर-टोली में बैठकर जा रहे थे। की अचानक वडवज हिम्मतपुरा मार्ग पर स्पीड ब्रेकर पर चालक ब्रेक लगाने पर तेज गति होने से उसकी पुत्री रेखा भील (20) निचे गिर गई जिससे घायल हो गई।

घायल होने पर इलाज हेतु जसवंतपुरा के राजकीय अस्पताल में लेकर गए। चिकित्सकों ने उसको मृत घोषित कर दिया गया।

# ड्रॉप आउट बालिकाओं के लिए 'स्कूल पधारो जैसाणे री लाड़ली' कार्यक्रम

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। जैसलमेर जिला कलैक्टर डॉ. प्रतिभा सिंह ने कहा कि हमारा प्रयास है कि जो ड्रॉपआउट बालिकाएं हैं, वे न्यूनतम हों और किसी कारणवश जिनका स्कूल छूट गया है, उन्हें हम वापस स्कूल से जोड़ें। उनकी मंशा है कि जिले की बालिकाएं पढ़कर उच्च पदों पर पहुंचें। हालांकि जैसलमेर राज्य का सबसे बड़ा जिला है और यहां की विषम भौगोलिक परिस्थितयां की वजह से हमारे सामने कई समस्याएं हैं, लेकिन हमारा प्रयास रहेगा कि जिले की प्रत्येक बालिका स्कूल तक पहुंचे।

जिला कलैक्टर डॉ. सिंह मंगलवार को जिले में ड्रॉप आउट बालिकाओं को पुनः विद्यालय से जोड़ने हेतु सुशासन के लिए नवाचार स्कूल पधारो जैसाणें री लाडली के जिला स्तरीय कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहीं थीं। जिला कलक्टर डॉ. सिंह ने कहा कि शिक्षा जीवन की पहली सीढ़ी है। सरकार की ओर से बालिकाओं को शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए भरपूर अवसर उपलब्ध करवाए जा रहे हैं।

उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे बेटियों को पढने दें और आगे बढ़ने दें। उन्होंने छात्राओं का उत्साहवर्द्धन करते हुए कहा कि अपना एक लक्ष्य निर्धारित करें और फिर उसको पाने के लिए मनोयोग से प्रयत्न करें, वह लक्ष्य जरूर मिलेगा।


जैसलमेर की बालिकाओं में जिला कलैक्टर डॉ. प्रतिभा सिंह के साथ सेल्फी लेने का उत्साह दिखाई दिया। फोटो-राष्ट्रदूत

कार्यक्रम में उपस्थित बालिकाओं में जिला कलैक्टर डॉ. प्रतिभा सिंह के साथ सेल्फी लेने का अलग ही उत्साह दिखाई दिया। बालिकाओं ने कहा कि हम बड़े होकर कलक्टर मैडम जैसा बनना चाहते हैं। कलक्टर ने भी उनका उत्साहवर्द्धन करते हुए कहा कि यह तभी बन पाओगे जब तुम अच्छी शिक्षा लोगे और पढ़ते रहोगे।


प्रारूप - 10(नियम 6(7) देखिये)

**प्राधिकृत अधिकारी का कार्यालय - नगर परिषद, जालोर**

क्रमांक : नपजा/कृ.भू.नि./2022/3352 दिनांक : 28/06/2022

**:- लोक सूचना :-**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित व्यक्तियों द्वारा इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित कृषि भूमि का गैर कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारो के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है -

| क्र. सं. | आवेदक का नाम | वजस्व ग्राम | दस्तावेज पंजीकृत/ अपंजीकृत व आंवटन मय दिनांक | खसरा नं. | क्षैत्रफल ( वर्गमी. ) | आवेदित भुखण्ड के आस-पडोस | प्रयोजन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बबली देवी पत्नी हंसाराम, मीणा का बलिया वास, जालोर | जालोर "ए" | देह खातेदार | 7184 /7171 | 1819.00 | उत्तर- 40 मीटर रास्ता<br>दक्षिण- खसरा संख्या 7189/7171<br>पूर्व- 30 फीट रास्ता<br>पश्चिम- 30 फीट रास्ता | आवासीय |
| 2 | बबली देवी पत्नी हंसाराम, मीणो का बलिया वास , जालोर | जालोर "ए" | देह खातेदार | 7183/ 7171 | 384.00 | उत्तर- 30 फीट रास्ता<br>दक्षिण- 40 मीटर रास्ता<br>पूर्व- खसरा संख्या 1191/6332<br>पश्चिम- 40 फीट रास्ता | आवासीय |
| 3 | बबली देवी पत्नी हंसाराम, मीणो का बलिया वास जालोर | जालोर "ए" | देह खातेदार | 7181/ 7171 | 2457.00 | उत्तर- खसरा संख्या 1191/6332<br>दक्षिण- 40 मीटर रास्ता<br>पूर्व- 30 फीट रास्ता<br>पश्चिम- 40 फीट रास्ता | आवासीय |
| 4 | बबली देवी पत्नी हंसाराम, मीणो का बलिया वास जालोर | जालोर "ए" | देह खातेदार | 7182/ 7171 | 1419.00 | उत्तर- खसरा संख्या 1191/6332<br>दक्षिण- 40 मीटर रास्ता<br>पूर्व- 30 फीट रास्ता<br>पश्चिम- 30 फीट रास्ता | आवासीय |
| 5 | बबली देवी पत्नी हंसाराम, मीणो का बलिया वास जालोर | जालोर "ए" | देह खातेदार | 7180/ 7171 | 1386.00 | उत्तर- 40 मीटर रास्ता<br>दक्षिण- 40 फीट रास्ता<br>पूर्व- 30 फीट रास्ता<br>पश्चिम- खसरा संख्या 7170/7063 | आवासीय |
| 6 | बबली देवी पत्नी हंसाराम, मीणो का बलिया वास जालोर | जालोर "ए" | देह खातेदार | 7186/ 7171 | 2223.00 | उत्तर- 40 फीट रास्ता<br>दक्षिण- खसरा संख्या 7189/7171<br>पूर्व- 30 फीट रास्ता<br>पश्चिम- 30 फीट रास्ता | आवासीय |
| 7 | बबली देवी पत्नी हंसाराम, मीणो का बलिया वास जालोर | जालोर "ए" | देह खातेदार | 7187/ 7171 | 2443.00 | उत्तर- 40 मीटर रास्ता<br>दक्षिण- खसरा संख्या 7189/7171<br>पूर्व- 30 फीट रास्ता<br>पश्चिम- 30 फीट रास्ता | आवासीय |
| 8 | बबली देवी पत्नी हंसाराम, मीणो का बलिया वास जालोर | जालोर "ए" | देह खातेदार | 7185/ 7171 | 2020.00 | उत्तर- 40 फीट रास्ता<br>दक्षिण- खसरा संख्या 7189/7171<br>पूर्व- 30 फीट रास्ता<br>पश्चिम- 40 फीट रास्ता | आवासीय |
| 9 | नाथाराम भील पुत्र होसाराम गांव वागोतरा आहोर, जालोर | रणछोड़ नगर | पंजीकृत/ 14.12.2011 | 3316/ 3177 | 15850.00 | उत्तर- खसरा सं. 3329/2675,2675<br>दक्षिण- खसरा सं. 3350/3316<br>पूर्व- खसरा सं. 3308/3178 व 3263/3178<br>पश्चिम- खसरा संख्या 3335/3177 | आवासीय योजना |

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90- क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने के 7 दिवस के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा । उपयुक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा की किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जावेगा । यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 22/06/2022 को जारी की जाती है ।

**प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त नगर परिषद, जालोर**